खंड– 4 अंक–128 दिनांक– 05/04/2019

प्रतिबंधित संचलन

के. रि. पु. बल ई–संवाद

सेवा एवं निष्ठा

परिचालनिक उपलब्धियां

31 मार्च 2019 को 11 बटा सीआरपीएफ के जवानों ने राज्य पुलिस के साथ झारखंड के लातेहार जिले में एक तलाशी अभियान का संचालन किया जिसमें हथियार, गोली बारूद, विस्फोटक सामग्री और अन्य सहायक सामग्री बरामद की गई।

02 अप्रैल 2019 को 154 बटा सीआरपीएफ के जवानों ने राज्य पुलिस के साथ झारखंड के गिरिडीह के मोहनपुर जंगल क्षेत्र में एक तलाशी व एरिया डोमिनेशन अभियान का संचालन किया जिसमें उन्होंने 7.62 एमएम के 407 जिंदा राउंड, 303 अम्यू – 177 राउंड, चार्जर/अम्यू.फिलर–84, अम्यूनिशन बॉक्स–02, अल्यूमिनियम बॉक्स–02, सिलेंडर, 15 किग्रा भार की आईईडी(जिसे वहीं नष्ट कर दिया गया) और नक्सली साहित्य बरामद किया।

अखबारों से

हिन्दुस्तान – 29.03.2019

कमांडेंट ने पेश की मानवता की मिसाल

चाईबासा। चाईबासा में गुरुवार की सुबह सीआरपीएफ के 174 बटालियन के कमाण्डेन्ट डॉ. प्रेमचन्द ने मानवता की मिसाल पेश करते हुए न सिर्फ सड़क दुर्घटना में घायल दो युवकों को सड़क किनारे उठाया बल्कि अपनी गाड़ी में बैठा कर सदर अस्पताल भी पहुचाया। चाईबासा चक्रधरपुर मार्ग में खूंटपानी के समीप दुर्घटना में घायल हो कर दो स्कूटी सवार युवक सड़क पर बेहोश पड़े हुए थे। उसी समय वहां से गुजर रहे डा. प्रेमचन्द की नजर उन पर पड़ी। उन्होने गाड़ी रोक कर दोनो घायलों को उठवाया और अपनी स्कार्पियों से चाईबासा सदर अस्पताल पहुचाया। घायलों में खूंटपानी के पासुहातु निवासी सिराम हेम्ब्रम एव बड़कुंवर हेम्ब्रम शामिल हैं।